# जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया
# Jananayak Chandrashekhar University, Ballia

पत्रांक–जे0एन0सी0यू0 / सा0प्र0 / 3082 / 2022 दिनांकः 10 दिसम्बर, 2022

सेवा में,

01. निदेशक शैक्षणिक,
 विश्वविद्यालय परिसर।

02. प्राचार्य / प्राचार्या,
 समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय,
 जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया।

**विषयः– दिनांकः 11 दिसम्बर, 2022 को 'भारतीय भाषा उत्सव' एवं महाकवि सुब्रामनिया भारती की जन्म जयन्ती मनाये जाने विषयक।**

महोदय / महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषयक प्रमुख सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश शासन के पत्र संख्याः **1897 / पीएसएचईडी / 2022, दिनांकः 10 दिसम्बर, 2022 (छायाप्रति संलग्न)** का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से **दिनांकः 11 दिसम्बर, 2022** को **'भारतीय भाषा उत्सव'** के अवसर पर प्रदेश के **न्यूनतम 01 लाख उच्च शिक्षण संस्थाओं / महाविद्यालयों / स्कूलों द्वारा भारतीय भाषाओं के संवर्धन** हेतु सक्रिय सहभाग करते हुए योगदान एवं **महाकवि सुब्रामनिया भारती की जन्म जयन्ती** भी मनाये जाने की अपेक्षा की गयी है।

तत्क्रम में माननीय कुलपति जी के आदेशानुक्रम में आप को निर्देशित किया जाता है कि **दिनांकः 11 दिसम्बर, 2022** को **'भारतीय भाषा उत्सव'** के अवसर पर **विभिन्न कार्यक्रम** आयोजित करते हुए **'भारतीय भाषा उत्सव'** एवं **महाकवि सुब्रामनिया भारती की जन्म जयन्ती** के अवसर पर **"एक भारत–श्रेष्ठ भारत"** को छात्रों एवं प्राध्यापकों के मध्य बढ़ावा देना सुनिश्चित करें एवं कार्यक्रम से **सम्बन्धित फोटोग्राफ विश्वविद्यालय** को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

संलग्नक–यथोक्त।

भवदीय,

(एस0एल0पाल)
कुलसचिव

**प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थः–**

01. माननीय कुलपति जी।
02. प्रभारी वेबसाइट को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने एवं कालेज लागिन में सम्प्रेषण हेतु।
03. सम्बन्धित पत्रावली।

कुलसचिव

संख्या– 1817 /पीएसएचईडी/2022

प्रेषक,

दिनांक 10, दिसम्बर, 2022

डा० सुधीर एम० बोबडे,
प्रमुख सचिव, उच्च शिक्षा विभाग,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1. समस्त कुलपति
राज्य विश्वविद्यालय,
उत्तर प्रदेश।

2. समस्त कुलसचिव,
राज्य विश्वविद्यालय,
उत्तर प्रदेश।

3. निदेशक,
उच्च शिक्षा निदेशालय,
प्रयागराज, उत्तर प्रदेश

4. महानिदेशक,
स्कूली शिक्षा, उत्तर प्रदेश,
लखनऊ।

5. निदेशक,
माध्यमिक शिक्षा, निदेशालय,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

विषयः–दिनांक 11.12.2022 को "भारतीय भाषा उत्सव" एवं महाकवि सुब्रामनिया भारती की जन्म जयन्ती मनाये जाने विषयक।

महोदय,

आप अवगत ही हैं कि 11 दिसम्बर को प्रत्येक वर्ष "भारतीय भाषा उत्सव" के रूप में मनाया जाता है। भारत सरकार द्वारा अपेक्षा की गयी है कि वर्ष 2022 में इस अवसर पर प्रदेश के न्यूनतम 01 लाख उच्च शिक्षण संस्थाओं/महाविद्यालयों/स्कूल इस उत्सव में सक्रिय सहभाग लेते हुए भारतीय भाषाओं के संवर्धन हेतु योगदान दें। उल्लेखनीय है कि 11 दिसम्बर, 2022 को "भारतीय भाषा उत्सव" के साथ महाकवि सुब्रामनिया भारती की जन्म जयन्ती भी मनायी जा रही है। अतः सभी शिक्षण संस्थाओं के भाषा विभागों का सक्रिय योगदान व सहभाग इस वर्ष "भारतीय भाषा उत्सव" के अवसर पर अपेक्षित है।

2. कृपया उपरोक्त के संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि दिनांक 11 दिसम्बर, 2022 को "भारतीय भाषा उत्सव" के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करते हुए "भारतीय भाषा उत्सव" तथा महाकवि सुब्रामनिया भारती की जन्म जयन्ती मनाते हुए "एक भारत–श्रेष्ठ भारत" को छात्रों एवं अध्यापकों के मध्य बढ़ावा देना सुनिश्चित करें।

भवदीय,

10/12/22

(डा० सुधीर एम० बोबडे)
प्रमुख सचिव, उच्च शिक्षा विभाग,/प्रभारी
प्रमुख सचिव, बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा
उत्तर प्रदेश शासन।

संख्या एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।

उपरोक्त की प्रतिलिप संलग्नक सहित निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. प्रभारी मुख्य सचिव, उत्तार प्रदेश शासन।

2. अपर मुख्य सचिव, मा0 मुख्य मंत्री जी, उत्तर प्रदेश शासन।

3. कुलपति, ख्वाजा मुइनुउद्दीन चिश्ती, उर्दू, अरबी, फारसी भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ एवं कुलपति, अंग्रेजी एवं विदेशी भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ को इस आशय से प्रेषित कि कृपया इस अवसर पर, लखनऊ में विशेष कार्यक्रम आयोजित कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

10/12/2

(डा0 सुधीर एम0 बोबडे)
प्रमुख सचिव, उच्च शिक्षा विभाग,/प्रभारी
प्रमुख सचिव, बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा
उत्तर प्रदेश शासन।